तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 29 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 आरडीए कॉलोनी में पीलिया मितानिन और स्वास्थ्य ...



11 त्योहारी सीजन से पहले खाद्य तेलों में महंगाई का उबाल





2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
98062 87706
Website : ssscn.ac.in

B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि - 30/08/24


# जिले को कृमि मुक्त बनाने अभियान आज से, पौने चार लाख बच्चों को दी जाएगी दवा

## 1 से 19 वर्ष के बच्चों को दी जाएगी एल्बेन्डाजॉल की खुराक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिले में आज से 1 से 19 वर्ष के बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेन्डाजॉल की गोली खिलाई जायेगी। कृमि नाशक दवा खिलाने के लिए समस्त विद्यालय, निजी एवं शासकीय, तकनिकी शिक्षण संस्थान, आंगनबाड़ी केन्द्रों में 3,72,822 बच्चों का लक्ष्य है। कृमि की दवाई 01 से 02 वर्ष के बच्चों को आधी गोली चूरा करके, 02 से 03 वर्ष के बच्चों को एक पूरी गोली चूरा करके एवं 03 से 19 वर्ष के बच्चों/किशोर-किशोरियों को एक पूरी गोली चबाकर खिलाई जाएगी। कार्यक्रम से संबंधित समस्त तैयारीयां पूरी की जा चुकी हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ वाईके ध्रुव ने बताया कि जिले को कृमि मुक्त करने विशेष रूप से कार्ययोजना बनाई गई है। इसमें समस्त शिक्षण संस्थानों शासकीय व निजी स्कूलों, नवोदय विद्यालय, आई.टी.आई. कॉलेज एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों को शामिल किया गया है। बच्चों को दवा खिलाने शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीम बनाई गई है।

### कृमि से पीड़ित बच्चों में ये लक्षण

डॉ. ए.के. बंसोड़ ने बताया कि कृमि के वजह से बच्चों में कुपोषण व खून की कमी होना, मानसिक विकास में कमी होना, बच्चों में हमेशा थकावट रहना जैसी समस्या आती है। वहीं, कृमि नाशक दवा खाने से पेट में पनप रहे कृमि खत्म होंगे। इसके साथ ही उन्होंने कृमि से बचाव के तरीकों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कृमि से बचाव के लिए आसपास साफ सफाई, नाखून छोटे रखना, खुले भोजन नहीं करना, खुले में शौच नहीं जाना, शौच के पश्चात हाथ धोना, साफ पानी से फल एवं सब्जियों को धोकर पकाकर खाना आवश्यक है।



फाइल फोटो

### कलेक्टर ने की दवा खिलाने की अपील

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले के समस्त पालकगण व जनसामान्य को दिनांक 29 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर अपने समीप के आंगनबाडी केन्द्र या शासकीय/निजी स्कूलों में कृमि नाशक दवा एल्बेन्डाजॉल की दवा खिलाने एवं छूटे हुए बच्चों को 04 सितम्बर 2024 को मॉप अप दिवस पर दवा सेवन कराने की अपील की।

## कार्रवाई : बुधवार को नवागढ़ एसडीएम एवं बीएमओ ने मारा छापा

# जांच टीम पहुंचने से पहले क्लिनिक छोड़ भागे झोलाछाप डॉक्टर, दो सील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवागढ़

कलेक्टर बेमेतरा के आदेश के बाद नवागढ़ ब्लॉक में बिना डिग्री के इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को नवागढ़ एसडीएम मुकेश कुमार एवं बीएमओ डॉक्टर एमएम रज़ा, नायब तहसीलदार प्रांजल प्रजापति टीम के साथ झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक पर पहुंचे।

■ बिना डिग्री नेमप्लेट पर एमबीबीएस लिखकर चला रहा था क्लिनिक

हालांकि, कार्रवाई से पहले ही कई डॉक्टर अपनी क्लिनिक छोड़कर भाग खड़े हुए। इससे फर्जी डॉक्टरों में हड़कंप मचा हुआ है। स्वास्थ्य और राजस्व की टीम द्वारा सबसे पहले मारो पर संचालित होने वाली डॉक्टरों की क्लिनिक पर पहुंचे यहां आयुष्मान क्लीनिक पर जांच पड़ताल की। इसमें टीम द्वारा पाया गया कि क्लीनिक संचालक बिना किसी डिग्री के डॉक्टर एमबीबीएस का नेम प्लेट लगाकर क्लिनिक का संचालन कर रहा था। स्वास्थ्य विभाग की पड़ताल में उसके पास कोई भी दस्तावेज नहीं मिले तब उसे नोटिस थमाकर क्लिनिक को सील कर दिया गया। वहीं नारायणपुर में सद्गुरु क्लीनिक पर भी कारवाई की गई है। जहां एक फार्मेसी की पढ़ाई करने वाले युवक द्वारा क्लिनिक का संचालन किया जा रहा था, जिसे तत्काल सील कर दिया गया।




नवागढ़ एसडीएम मुकेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में झोला छाप डॉक्टरों के जरिये लगातार लोगों का गलत इलाज कर उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर डालने की शिकायत मिल रही थी। इसी के चलते झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। फ़िलिहाल नर्सिंग होम एक्ट के तहत दो क्लिनिक को सील किया गया है, आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### पूरे नवागढ़ क्षेत्र में फैला झोलाछाप डॉक्टरों का जाल

उल्लेखनीय है कि नवागढ़ क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों का जाल फैला हुआ है। अक्सर इन डॉक्टरों के इलाज से लोगों की मौत के मामले भी सामने आते रहते हैं। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा इन झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है। मेडिकल के आड़ में यह डॉक्टर मरीज का इलाज करते हैं। कोई डिग्री नहीं होने के बाद भी मरीज को बोतल लगाने के साथ इंजेक्शन लगाकर बेधड़क इलाज करते हैं। कई गांवों में तो हालात और ज्यादा बत्तर है यहां पर ग्रामीणों का इलाज भगवान भरोसे ही किया जाता है।

# खम्हरिया-देवकर मार्ग हुआ खस्ताहाल, चलना मुश्किल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

लोक निर्माण सब डिवीजन साजा अंतर्गत थानखम्हरिया-देवकर मार्ग इन दिनों स्थानीय क्षेत्रवासियों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। फिलहाल बरसात में सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे हैं, जो आवागमन में राहगीरों के लिए मुश्किलें पैदा कर रहे हैं। चूंकि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बरसात के मद्देनजर इस सड़क पर जरूरत के मुताबिक अस्थायी रूप से मरम्मत की जानी चाहिए थी। किन्तु विभागीय अफसरों की उदासीनता एवं निष्क्रियता के कारण सड़क का हाल इन दिनों बेहाल है। मरम्मत के अभाव में लोग खस्ताहाल जर्जर सड़क पर आवाजाही करने को मजबूर हैं। जबकि सड़क में कई जगहों पर गड्ढे ने बड़ा रूप ले लिया है। वहीं भोजेपारा गाँव के समीप सड़क का कुछ हिस्सा धँसकर पानी में बह गया है, जिससे किनारों पर चौड़ाई कम हो गयी है। लिहाजा थानखम्हरिया से देवकर तक निर्मित करीब 35 किलोमीटर की सड़क पर चलना बड़े खतरे से कम नहीं है। जिस पर जिला प्रशासन को गम्भीरता से संज्ञान में लेकर तत्काल विभाग को निर्देश देकर सड़क की उचित मरम्मत कराकर मार्ग को सुरक्षित किया जाना चाहिए अन्यथा सड़क पर गुजरना काफी चुनौतीपूर्ण साबित होगा।

■ मरम्मत के अभाव में लोगों का सफर करना हुआ मुश्किल

दरअसल इस सड़क पर विभागीय सेटअप देखा जाए तो इस सड़क के ▸▸ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### महिलाओं के उत्पीड़न व अन्य संबंधित लंबित प्रकरण की सुनवाई आज

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग रायपुर की गठित न्यायपीठ से अध्यक्ष एवं सदस्य द्वारा 29 अगस्त को 11 बजे से बेमेतरा जिले के संबंधित महिलाओं के उत्पीड़न व अन्य संबंधित लंबित प्रकरण में सुनवाई की जाएगी। सुनवाई कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में अध्यक्ष किरणमयी नायक करेंगी।

### जिले में अब तक 496.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा।** चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 28 अगस्त प्रतिवेदित तिथि तक सुबह 8 बजे तक जिले में 496.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील दाढ़ी में 636.5 मि.मी. तथा न्यूनतम 382.1 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 499.4 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 423.4 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 501.4 मि.मी., देवकर तहसील में 581.5 मि.मी, वर्षा थानखम्हरिया तहसील मे 421 मि.मी., वर्षा भिंभौरी. तहसील में 414.8 मि.मी. एवं साजा तहसील में 606 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### ग्राम कोकान स्थित जंगल में मिली युवक की लाश

**डौंडी।** थाना डौंडी क्षेत्र के ग्राम कोकान पहाड़ी जंगल में एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कोषण कुंजाम पिता बलदेव कुंजाम उम्र 42 साल निवासी कोकान थाना डौण्डी की सूचना पर डौण्डी पुलिस ग्राम कोकान पहाड़ी मंदिर के पीछे जंगल पहुंची। वहां एक पेड़ पर छिंटदार संतरा रंग के गमछे के सहारे एक अज्ञात पुरुष की नग्न लाश फंदे पर लटकती मिली। मृतक की उम्र लगभग 40 साल बताई जा रही है। शव के पास ही मेहरून रंग की टी शर्ट एवं नील रंग का फुल पैंट मिला। वहीं, पैंट की जेब में तंबाकू, चूना तथा ब्लेड मिला है। शव को मरचुरी डौण्डी में सुरक्षित रखा गया है।

### किसान विपणन सहकारी समिति की बैठक कल

**गुण्डरदेही।** किसान विपणन सहकारी समिति गुण्डरदेही की वार्षिक सभा की बैठक 30 अगस्त को दोपहर 12 बजे संस्था परिसर में आयोजित की गई है। बैठक में संस्था के प्रगति प्रतिवेदन के प्रस्तुतीकरण, 2024–25 के आय व्यय का अनुमोदन, 2023–24 के वित्तीय पत्रक का अवलोकन व अनुमोदन, 2023–24 तक प्रबंधकारिणी की बैठक में लिए गए प्रस्ताव निर्णय, अनुमोदन, संस्था के लेखा पुस्तकों का अंकेक्षण कराने के साथ ही विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# अस्पताल में बनेगा टीन शेड, परिसर का होगा सीमेंटीकरण

## स्वास्थ्य केंद्र जीवनदीप समिति की साधारण सभा में कई प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ साजा

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जीवनदीप समिति की साधारण सभा 28 अगस्त को आयोजित की गई। क्षेत्रीय विधायक एवं अध्यक्ष जीवनदीप समिति सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सम्मुख खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. वर्मा द्वारा प्रमुख रूप से अस्पताल में टीन शेड निर्माण एवं अस्पताल परिसर मे सीमेंटीकरण के साथ ही साथ आवश्यक कार्य हेतु अन्य प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

■ विधायक ने भर्ती मरीजों से मिलकर हालचाल जाना

समिति के सदस्यों एवं विधायक ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर जल्द ही कार्य प्रारंभ कर अतिशीघ्र पूर्ण करवाये जाने हेतु खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक की समाप्ति पश्चात क्षेत्रीय विधायक द्वारा साजा अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों का हालचाल जाना। स्वास्थ्य विभाग को अस्पताल की सेवाओं को सुदृढ़ रूप से संचालित करने निर्देशित किया। साथ ही अस्पताल संचालन समय को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक करने का निर्देश दिया। बैठक में विधायक सहित खंड चिकित्सा अधिकारी साजा डॉ. ए.के. वर्मा, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक लोकेश कुमार साहू ,अस्पतालीन अधिकारी-कर्मचारी के साथ-साथ अन्य उपस्थित थे।





### अनेक विभागों के प्रमुख बैठक में नहीं पहुंचे

जीवनदीप समिति की बैठक में कई विभागों के अधिकारी नहीं पहुंचे जिसको लेकर विधायक ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अफसर अपने रवैये में बदलाव करें। समिति की बैठक गरीब मरीजों के लिए योजनाओं को सुविधाओं को बढ़ाने के लिए की जाती है, ऐसी बैठक में अधिकारी का नहीं आना गलत है

### जल्द होगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

विधायक पुत्र स्व. भुनेश्वर साहू की स्मृति में अस्पताल परिसर में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। अधिकारियों को उसकी तैयारी के लिए कहा गया, जल्द ही तिथि घोषित कर दी जाएगी।

# मृत्यु के 6 घंटे के भीतर नेत्र को सुरक्षित निकालना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में 25 अगस्त से शुरू हो गया है, जो 8 सितंबर तक पूरे बेमेतरा जिले के समस्त विकासखण्ड में मनाया जा रहा है।

■ 8 सितंबर तक जारी राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के तहत दिया गया प्रशिक्षण

इस संबंध में 28 अगस्त को जिले के समस्त नेत्र सहायक अधिकारियों का कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रशिक्षण कक्ष में समीक्षा बैठक रखा गया। उक्त बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बसोड द्वारा बताया कि हमारी आंखें हमारे मरने के बाद भी किसी के काम आ सकती है। मनुष्य की मृत्यु के बाद उसके शरीर के एक ही अंग काम आ सकता है, वो है नेत्र। नेत्रदान मृत्यु के बाद ही किया जाता है। नेत्रदान के लिए यह जरूरी नहीं है कि वह अपने जीते जी घोषणा पत्र भरा हो। नेत्रदान कोई भी व्यक्ति कर सकता है, किन्तु रेबीज, एड्स, टिटनेस, हेपेटाइटिस, सर्पदंश, लेप्रोसी, जहर, सिफलिस, डूबकर या जलकर, आँख का कैंसर, फांसी लगाकर, ब्लड कैंसर, सेप्टीसीमिया, तपेदिक एवं संक्रामक बीमारी व्यक्ति नेत्रदान के लिए उपयुक्त नहीं रहती।




यदि किसी की आंख के कॉर्निया की सफेदी कॉर्नियल ओपेसिटी के कारण दृष्टिहीनता है तो उसकी कॉर्निया बदलने से वह व्यक्ति अंधेपन से छुटकारा पा सकता है और नेत्रदान करने वाला व्यक्ति मरने के बाद भी इस व्यक्ति की आंख से दुनिया देख सकता है। ऑख के ▸▸ शेष पेज 11 पर

## पारंपरिक पर्व पोला को अभी चार दिन शेष, तैयारियां जोरों पर

# मिट्टी से बने बैलों व जांता-पोरा तैयार कर रहे कुम्हार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व पोला को अभी चार दिन शेष हैं, लेकिन इसे लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। एक ओर जहां त्योहारी सीजन को लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है, वहीं दूसरी ओर इससे जुड़े व्यवसाय करने वाले भी लोगों की मांग पूरी करने में जुटे हैं।

पर्व की तैयारियों में जिलेभर के कुम्हार परिवार नज़र आ रहे हैं। इसके लिए वे बड़ी मेहनत से मिट्टी के बैलों के साथ-साथ जांता-पोरा सहित विभिन्न खिलौनों का निर्माण कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्यौहार पोला पर्व प्रदेशभर में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष आगामी 02 सितम्बर को मनाया जाना है। चूंकि इस दौरान लोगों द्वारा मिट्टी के विभिन्न आकर्षक खिलौनों एवं बैलों की काफी मांग रहती है, तो इसे देखते हुए जिलेभर के कुम्हार जाति के लोग अभी से चिकनी मिट्टी से छत्तीसगढ़ी परम्परा से जुड़े सामानों को बनाने में जुटे हुए हैं। एक ओर जहां कुम्हार दिन-रात कड़ी मेहनत कर जहां बैलों एवं अन्य खिलौनों का निर्माण कर रहे हैं, वहीं उनका पूरा परिवार उन्हें सुखाने, पकाने तथा रंगाने में लगा हुआ है। कुम्हारों का कहना है कि मिट्टी के खिलौनों को बनाने तथा सुखाने के बाद आग की भट्टी में तपाया जाता है, जिससे खिलौने पूरी तरह पक जाते हैं, जिससे वे मज़बूत होते हैं। जिसके बाद उसे रंग रोगन कर स्थानीय बाज़ारों में उचित दामों पर बेचा जाता है।



### बच्चे चलाएंगे बैल, बालिकाएं खेलती हैं गृहस्थी से जुड़े खिलौने

पर्व के दिन मिट्टी से बने नन्दी बैल का काफी महत्व होता है। इसे बालक चलाते हैं, वहीं बालिकाएं मिट्टी से बने जांता-पोरा, चुकिया सहित गृहस्थी में काम आने वाले अन्य वस्तुओं को खिलौने के रूप में खेलते हैं। इसे देखते हुए बाजारों में अभी से इनकी मांग बढ़ गई हैं। कई जगह इनकी दुकानें सज गई हैं, तो वहीं कुम्हार भी इन खिलौनों को बनाने में अभी भी जुटे हुए हैं।

### तेजरफ्तार बस ने ट्रक को मारी टक्कर, 5 यात्री घायल

**बालोद।** धमतरी–कांकर मुख्य मार्ग 30 पर स्थित मरकाटोला घाटी के पास तेज़रफ़्तार यात्री बस ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बस में सवार पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। दो को इलाज के लिए हायर सेंटर रिफर किया गया, वहीं तीन का इलाज चारामा हॉस्पिटल में जारी है। मिली जानकारी के अनुसार पुरुर थाना क्षेत्र के धमतरी चारामा मार्ग पर मरकटोला घाट के पास बस क्रमांक सीजी 19एफ 0972 मालवाहक ट्रक को ओवरटेक कर रही थी। इस बीच यात्रियों से भरी बस ट्रक की चपेट में आ गई। इससे बस के सामने बैठे चार यात्रियों के साथ बस कंडेक्टर भी गंभीर रूप से घायल हो गया। बता दें कि ट्रक और बस दोनों रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रहे थे।


पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल डेका से सांसद बृजमोहन ने की मुलाकात

**रायपुर।** प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका से मंगलवार को राजभवन में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सौजन्य मुलाकात की और उन्हें बुके भेंट किया।

### कृषि मंत्री नई दिल्ली में ' एग्री पंचायत' कार्यक्रम में हुए शामिल




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित ' एग्री पंचायत ' कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां उन्होंने खेती से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए तकनीक आधारित कृषि पर जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने छत्तीसगढ़ की धान खरीदी व खाद्यान्न वितरण की व्यवस्था को देश के अन्य राज्यों द्वारा भी अपनाए जाने की सलाह दी। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी भी उपस्थित रहे। श्री नेताम ने कहा, खेती-किसानी ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। कृषि के क्षेत्र में संपन्नता से ही छत्तीसगढ़ विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने में अपना योगदान दे सकेगा।

### निषाद बने मछुआ महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष



**रायपुर।** रायपुरा महादेवघाट स्थित निषाद समाज भवन में गत दिनों छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ कल्याण समिति का प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के कार्यकारिणी सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल हुए। इसके बाद फिर से एमआर निषाद को छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष चुना गया। छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में समाज के मुख्य चुनाव अधिकारी मोतीलाल हिरवानी, सह-चुनाव अधिकारी गायत्री निषाद व झुमुकलाल निषाद का सहयोग रहा। उनके प्रदेशाध्यक्ष बनने पर समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त की। हर्ष व्यक्त करने वालों में राजेंद्र धीवर, सुखऊ राम निषाद, गणेश निषाद, दीप कैवर्त, अजीत नाविक, ज्योति निषाद, रामझूल धीवर, विजय आदित्य, लक्ष्मी केंवट, रामसागर निषाद, माधव निषाद, धनेश कैवर्त, रामेश्वर कैवर्त, विक्की केंवट व समाजजन शामिल हैं।

# विधानसभा की प्राक्कलन समिति ने पूछा- क्षेत्रीय कार्यालयों में आधे से अधिक पद खाली क्यों

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा की प्राक्लन समिति ने सवाल किया है कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से संबद्ध क्षेत्रीय कार्यालयों में अधिकतर पद रिक्त रखे गए हैं? 50 प्रतिशत से अधिक पदों को रिक्त रखे जाने के कारण क्या हैं। दरअसल विधानसभा की प्राक्लन समिति नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग आय व्यय के प्राक्लनों का परीक्षण कर रही है। इस समिति के सवालों का जवाब भेजा गया था। बाद में समिति ने एक और पत्र जारी कर कई और सवाल किए हैं।

## नगरीय निकायों और सूडा को देना है जवाब

### नगरीय प्रशासन ने जारी किया आदेश

विधानसभा की प्राक्लन समिति का पत्र इस माह के पहले हफ्ते में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को मिलने के बाद संचालनालय ने इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शहरी विकास अभिकरण( सूडा) अपर संचालक, उप संचालक प्रशासन संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र जारी किया है। इसमें जानकारी दी गई है कि प्राक्लन समिति को 5 अगस्त 2019 को भेजी गई जानकारी पर विचार विमर्श के बाद बिंदुवार जानकारी चाही ई है। समिति द्वारा मांगी गई जानकारी शीघ्र बजट शाखा को देने कहा गया है।




### कितने शौचालय और गरीबों को दिए

विधानसभा की प्राक्लन समिति ने यह जानकारी भी मांगी है कि आदिवासी उपयोजना के अंतर्गत विभागीय जानकारी के अनुसार वर्ष 2016-17, 2027-18, एवं 2018-19 में आयोजन मद के अंतर्गत ननगरीय निकायों के गरीब आदिवासियों के पेयजल, शौचालय तथा पक्का मकान उलब्ध कराने के संबंध में पिछले तीन साल की अवधि की निकायवार जानकारी के साथ कहा गया है कि शौचालय और पक्के मकान प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराएं।

### कम खर्च क्यों हुआ

समिति ने पूछा है कि अनुसूचित जाति उपयोजना कार्यक्रम मद के अंतर्गत नगरीय निकायों के अनुसूचित जाति परिवारों को उनके अधोसंरना विकास जैसे सड़कों से संबंधित कार्य, पेयजल योजना, संबंधित कार्य राज्य शासन से विशिष्ट प्रयोजन ऋण प्राप्त कर नगरीय निकायों को उनके आय में वृद्धि करने के लिए ऋण स्वीकृत किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत पेयजल, शौचालय तथा पक्का मकान का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराएं साथ ही वर्ष 2016-17 में कम व्यय का कारण स्पष्ट करें।

### गरीबों को सक्षम बनाने के लिए क्या किया

यह भी पूथा गया है कि पिछले तीन वर्ष 2016 से 2019 तक की अवधि में नगरीय निकायवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले कितने परिवारों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए किस प्रकार का लाभ दिया गया? साथ ही इन गरीबों को पेयजल, शौचालय, पक्का आवास दिए गए हैं। ऐसे लाभार्थियों की सूची भी मांगी गई है।

**रणनीति :** पीसीसी अध्यक्ष की सूची को जल्द मिलेगी हाईकमान की मंजूरी

# कांग्रेस संगठन में गुटबाजी खत्म करने होंगे बड़े बदलाव, जिले और ब्लॉक में दिखेंगे नए चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संगठन गुटबाजी खत्म करने बड़े बदलाव करने जा रहा है। संगठन में सभी रिक्त पदों को भरने के साथ नगरीय निकाय चुनाव और विधानसभा उप चुनाव को देखते हुए सभी लोगों को एकजुट करने का प्रयास शुरू हो गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने एआईसीसी के नेताओं और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से चर्चा के बाद संगठन में जान फूंकने सूची हाईकमान को दे दी है। बताया जाता है कि जिला एवं ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के साथ ही बदलाव का क्रम शुरू होगा।

प्रदेश अध्यक्ष की बागडोर संभालने के बाद दीपक बैज ने पुरानी कार्यकारिणी में कुछ परिवर्तन कर उसे आगे बढ़ाया था। विधानसभा और लोकसभा चुनाव को देखते हुए ज्यादा परिवर्तन नहीं किए गए थे। विधानसभा चुनाव के दौरान ही टिकट वितरण के बाद से ही आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ, जो लोकसभा चुनाव तक चलता रहा। परिणाम यह हुआ कि पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। एआईसीसी ने




चुनावों में हार की समीक्षा के बाद जो सुझाव आए हैं, उनमें सबसे पहले संगठन को मजबूती देने का रहा। संगठन को मजबूती देने प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को ऐसे पदाधिकारी जिनका काम ठीक नहीं, उन्हें बदलने और उनकी जगह नए लोगों को मौका देने कार्यसमिति से भी अनुमति मिल गई। अब हाईकमान के इस पर मुहर लगाते ही नए नाम सामने आएंगे। आने वाले दिनों में बदलाव देखने को मिलेगा।

### प्रदेश पदाधिकारी सहित कई पद रिक्त

प्रदेश कांग्रेस संगठन में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश महामंत्री, सचिव और जिला अध्यक्ष सहित कई पद रिक्त हैं। इन पदों पर नए लोगों को नियुक्त किया जाना है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार ये रिक्त पद कई समय से हैं। पहले भी इसे पूरा करने के प्रयास किए गए। सचिव के पद पर 50 से अधिक लोगों को हटाया जाएगा। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष और अन्य पदों पर नियुक्ति की जाएगी। बैज इसके माध्यम से अपनी कार्यकारिणी को नया रूप देने का प्रयास करेंगे। प्रदेश में नगरीय निकाय और विधानसभा उप चुनाव के पहले संगठन में नियुक्ति कर ली जाएगी।

### जिला और ब्लॉक से होगा बदलाव

प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में रहने के दौरान संगठन के साथ समन्वय को लेकर कई बार विवाद की स्थिति रही। चुनाव के दौरान जिला और ब्लॉक पदाधिकारियों को तवज्जो नहीं मिली। इसके कारण पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच असंतोष देखने में आया। अब इन बातों की समीक्षा कर जिला और ब्लॉक से ही बदलाव की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। प्रदेश प्रभारी ने साफ तौर पर कहा है कि जिन जिला अध्यक्षों का कार्यकाल 4-5 साल हो गया है, उन्हें हटाकर नए लोगों को मौका दिया जाए। ऐसे में यह सूची अगले माह के पहले सप्ताह तक आने की उम्मीद है।

# आरडीए कॉलोनी में पीलिया मितानिन और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बोरियाखुर्द की आरडीए कॉलोनी में दूषित पानी का सेवन करने से दर्जनभर लोग पीलिया से पीड़ित हुए। इनमें से 4 मरीजों का उपचार चल रहा है। बाकी के ज्यादातर मरीज उपचार कराकर घर लौट गए हैं। पानी में कीड़े मिलने के बाद रहवासियों के साथ वार्ड पार्षद उमा चंद्रहास निर्मलकर ने आरडीए के अधिकारियों को इसकी शिकायत की, पर अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। बाद में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत के बाद कालोनी में मितानिन और स्वास्थ्य कर्मचारियों की मदद से कॉलोनी में सर्वे कराया गया और स्वास्थ्य जांच के लिए डॉक्टरों की टीम भेजकर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। निगम के जोन-10 की टीम



ने गटर व चैंबर तथा नाली में ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव कराया है। बोरियाखुर्द की आरडीए कॉलोनी में सीवरेज का गंदा पानी नलों में रिसकर आने की संभावना को देखते हुए डॉक्टरों ने कालोनीवासियों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी है। इसके साथ ही लोगों के घरों, आरडीए की पानी टंकी और संपवेल से पानी के सैंपल लेकर नगर निगम ने फिल्टर प्लांट में जांच के लिए भेजा है।

### 100 घरों तक पहुंचे, कलेक्ट किए ब्लड सैंपल

बीएमओ डॉ. स्मृति देवांगन ने बताया कि बोरियाखुर्द कॉलोनी के 100 घरों में जाकर हमने विजिट की। 30 से 40 लोगों के ब्लड सैंपल लेकर जिला अस्पताल को जांच के लिए भेज दिए हैं। इसकी रिपोर्ट 2 से 3 दिन में आएगी। पीलिया के 4 से 5 मरीजों का उपचार चल रहा है। हमारी टीम ने उनकी स्वास्थ्य जांच की है। दर्जनभर पीलिया से पीड़ित मरीज मिलने की जानकारी मिली थी। इनमें से ज्यादातर मरीज ठीक हो चुके हैं। शनिवार से स्वास्थ्य विभाग ने नगर निगम जोन-10 की टीम के साथ मिलकर स्वास्थ्य शिविर लगाया है। जहां मितानिन और स्वास्थ्य विभाग की कर्मचारी कॉलोनीवासियों के स्वास्थ्य की जांच कर रहे हैं।

## महंत ने की कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज की कड़ी निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने भिलाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस लाठी चार्ज की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, आठ माह की भाजपा विष्णुदेव सरकार में लचर क़ानून व्यवस्था के कारण सामाजिक समरसता आपसी भाईचारे पर जबर्दस्त ठेस लगी है। प्रदेश भाजपा सरकार अपने राष्ट्रीय एजेंडे फूट डालो राज करो की नीति पर चल रही है।



■ भारतीय लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन मानवीय

बलौदाबाजार की घटना में जिस तरह समाज को समाज में बांटने की नाकाम साजिश की गयी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सुरक्षा में चूक, फिर उपद्रवियों द्वारा बदसलूकी धक्का-मुक्की पर कोई कार्रवाई न होना भाजपा सरकार की नीयत और कानून वयवस्था पर सवाल खड़ा करता है। दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर अपराधी की तरह बर्ताव दौड़ा दौड़ा कर पीटा जाना ये कतई बर्दास्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, प्रदेश में लगातार विपक्षीय कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की जा रही है। सरकार का काम प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम रखने का है और वह ही इस तरह पेश आ रही है जो उचित नहीं है। सरकार के इस रवैये की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।

## 24 डीएसपी को मिली नई पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य शासन ने राज्य पुलिस सेवा संवर्ग के 24 अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि पूरी होने पर पदस्थापना आदेश जारी किया है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में शुभम तिवारी डीएसपी सरगुजा को एसडीओपी अंतागढ़, सुमित गुप्ता डीएसपी रायपुर को एसडीओपी कोंटा, ठाकुर गौरव सिंह डीएसपी बिलासपुर को दंतेवाड़ा, कुलदीप बंजारे डीएसपी कांकेर को नारायणपुर, विशाल गर्ग डीएसपी बस्तर को बीजापुर, दीपक कुमार भगत डीएसपी बालोद को एसडीओपी नारायणपुर, बृजकिशोर यादव डीएसपी बेमेतरा को एसडीओपी बीजापुर, अमन लखीसरानी डीएसपी रायगढ़ को एसडीओपी बीजापुर, आकांक्षा पांडेय डीएपसी दुर्ग को दंतेवाड़ा, प्रतिभा लहरे डीएसपी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को कांकेर, रविकांत सहारे डीएसपी कोरिया को सुकमा, सुसंता लकड़ा डीएसपी बालौदाबाजार-भाटापारा को बस्तर, मोनिका श्याम डीएसपी महासमुंद को सुकमा, अमृता पैकरा डीएसपी कबीरधाम को नारायणपुर, नवीन कुमार एक्का डीएसपी राजनांदगांव को एसडीओपी बीजापुर, प्रवीण भारती डीएसपी गरियाबंद को एसडीओपी बस्तर, अविनाश कंवर डीएसपी कोरबा को नारायणपुर, संगम राम डीएसपी जांजगीर-चांपा को जगदलपुर, शरद कुमार जायसवाल डीएसपी माहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को बीजापुर, भानुप्रताप चंद्राकर डीएसपी जशपुर को बस्तर फाईटर सुकमा, विंकेश्वरी पिंदे डीएसपी धमतरी को कांकेर और चंद्रहास कटेंद्र डीएसपी सक्ती को बस्तर फाइटर बीजापुर पदस्थ किया गया है।

■ परिवीक्षाधीन डीएसपी को बस्तर संभाग भेजा गया

# 50 लाख का लक्ष्य पाने भाजपा को बनाने होंगे रोज एक लाख सदस्य

## 6 सितंबर से बूथों में प्रारंभ होगा अभियान, 51 दिनों का मिलेगा समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान में प्रदेश भाजपा संगठन का लक्ष्य करीब 50 लाख सदस्यों का है। ऐसे में रोज एक लाख सदस्य बनाने होंगे, क्योंकि तीन चरणों में चलने वाले अभियान में संगठन को बमुश्किल 51 दिन मिलेंगे। यूं तो प्रदेश में तीन सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पहला सदस्य बनाकर अभियान प्रारंभ हो जाएगा, लेकिन वास्तव में अभियान का आगाज तब होगा, जब बूथों में 6 सितंबर से सदस्यता प्रारंभ होगी। हर बूथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने पूरे देश में नए सिरे से सदस्यता बनाने का अभियान तय किया है। इसके तहत ही प्रदेश संगठन ने अपने लिए जो लक्ष्य तय किया है, वह पुराने सदस्यों से करीब 50 फीसदी ज्यादा है। भाजपा के 32 लाख पुराने सदस्य हैं। इस सदस्य संख्या को 50 लाख तक ले जाने का लक्ष्य है। यानी करीब 18 लाख नए सदस्य बनाएं जाएंगे। नए पुराने सदस्यों को मिलाकर हर बूथ में जो 200 सदस्यों का लक्ष्य है, वह ज्यादा बड़ा नहीं माना जा रहा है। लेकिन जो समय है, वह उतना नहीं है जितना होना चाहिए।



### सबकी जिम्मेदारी तय

सदस्यता अभियान के लिए सबकी जिम्मेदारी तय कर दी गई है। एक तरफ जहां सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने हैं, वहीं विधायकों को भी 10-10 हजार सदस्य बनाने के लिए कहा गया है। इसी के साथ प्रदेशभर के नगरीय निकायों के जन प्रतिनिधियों को भी सदस्य बनाने हैं। भाजपा के सक्रिय सदस्य और हर कार्यकर्ता को भी सदस्य बनाने का काम करना है। ऐसे में भाजपा नेता मानते हैं कि 50 लाख सदस्य बनाने का काम आसानी से पूरा हो जाएगा। 50 लाख सदस्य तो बूथों में ही बन जाएंगे, जन प्रतिनिधि जो सदस्य बनाएंगे वो तो एक तरह से बोनस होगा और सदस्यों की संख्या इसकी वजह से 50 लाख के पार हो जाएगी।

### तीन चरणों में अभियान

सदस्यता अभियान तीन चरणों में होना है, पहला 3 सितंबर से 25 सितंबर, दूसरा चरण 1 से 16 अक्टूबर तक और अंतिम चरण 16 से 31 अक्टूबर तक का सक्रिय सदस्यों के लिए है। यानी सामान्य सदस्यों के लिए देखा जाए तो सितंबर में 20 दिन और अक्टूबर में 16 दिनों का समय मिलेगा। यानी कुल 36 दिनों में लक्ष्य तक जाना है। हालांकि 16 से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यों के लिए समय तय है, लेकिन भाजपा नेताओं का कहना है कि इस समय में भी किसी को भी सदस्य बनाने पर कोई पाबंदी नहीं रहेगी। ऐसे में माना जा रहा है कि करीब 51 दिनों का समय सदस्य बनाने के लिए मिल जाएगा। यानी हर दिन एक लाख सदस्य बनाने होंगे। सदस्यता अभियान से जुड़े भाजपा नेताओं का कहना है कि यह लक्ष्य और चुनौती ज्यादा बड़ी नहीं है। प्रदेश में 25 हजार बूथ हैं रोज एक बूथ में चार सदस्य बनाएंगे तो रोज एक लाख का लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। एक बूथ में चार सदस्य बनाना आसान होगा। वैसे जब अभियान का प्रारंभ होगा तो पहले ही जिन बहुत ज्यादा सदस्य बन जाएंगे।

## खेल कोच ने कहा- खिलाड़ियों को राशि दूसरे राज्यों से बेहद कम

# खेल दिवस पर अलंकृत होंगे प्रदेश के 97 खिलाड़ी, मिलेंगे 76 लाख के पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग 29 अगस्त को खेल दिवस के अवसर पर राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें प्रदेश के खिलाड़ियों को पुरस्कार के साथ राशि जारी की जाएगी। विभाग ने मंगलवार शाम खिलाड़ियों के नाम की सूची जारी कर दी है, जिसमें निर्णायक मंडल द्वारा 2021-22 व 2022-23 के लिए खिलाड़ियों को शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार समेत शहीद पंकज विक्रम सम्मान, शहीद विनोद चौबे सम्मान व मुख्यमंत्री ट्रॉफी से अलंकृत किया जाएगा। विभाग के मुताबिक 97 पुरस्कार ग्राही खिलाड़ियों 76 लाख की पुरस्कार राशि मिलेगी। इसके अलावा पदक विजेता 502 खिलाड़ियों के बैंक खाते में 60.33 लाख जाएंगे। कुल खिलाड़ियों को 1 करोड़ 36 लाख 33 हजार जारी किए




जाएंगे।कार्यक्रम का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री और खेल मंत्री की उपस्थिति में खिलाड़ी पुरस्कृत होंगे।

### 7 ओलिंपिक खिलाड़ी होंगे अलंकृत

इस बार शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार में वर्ष 21-22 के लिए चार खिलाड़ी और नॉन ओलंपिक खेल में 1 और पैरा स्टोट्स में 1 खिलाड़ी अलंकृत होंगे। इसके साथ ही शहीद कौशल यादव पुरस्कार वर्ष 2021-22 में तीन खिलाड़ी शामिल हैं। नॉन ओलिंपिक में 2 और पैरा स्पोर्ट्स में 1 खिलाड़ी है। 2021 से 2023 बीच मुख्यमंत्री ट्रॉफी के लिए 34 खिलाड़ियों को चयन किया गया है। लगातार दूसरा खेल अलंकरण होने से खिलाड़ियों में उत्साह है।

### दूसरे राज्यों की तुलना में राशि कम

खेल अलंकरण को लेकर राशि जारी होने के बाद हरिभूमि ने विभिन्न खेल कोच और खेल एसोसिएशन के पदाधिकारियों से बातचीत की। खेल कोच संजय शुक्ला का कहना है कि सरकार और खेल विभाग के गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को देने वाली राशि बढ़ानी चाहिए। वर्तमान में छग के खिलाड़ियों को जो राशि मिलती है, यह दूसरे राज्यों से बेहद कम है। अन्य राज्य में सीनियर वर्ग में एक गोल्ड मेडलिस्ट में 50 हजार तक मिलते हैं, जो यहां 25 हजार है। जूनियर को 10 और सब जूनियर 5 हजार की राशि मिलती है।

### ओलिंपिक और नॉन ओलिंपिक का अलग हो ग्रेड

तीरंदाजी एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश मुरारका का कहना है कि खेल अलंकरण प्रतिवर्ष होने से खिलाड़ियों में उत्साह बढ़ता है। विभाग को ओलिंपिक और नॉन ओलिंपिक खिलाड़ियों के लिए खेल अलंकरण के लिए अगल से ग्रेड तय करना चाहिए। वर्तमान में दोनों को एक ही तरह की राशि जारी होती है। ओलिंपिक खिलाड़ियों के लिए अलग से राशि का निर्धारण करना चाहिए था। ग्रेड अलग होने से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। यह भी एक तरह का सम्मान होगा।

# हामिद ने कहा- अडाणी को बचाने की हरसंभव कोशिश की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एआईसीसी प्रवक्ता हामिद हुसैन ने हिंडनबर्ग मामले में भाजपा को घेरते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजधर्म नहीं निभाने का आरोप लगाया। छग कांग्रेस प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में मीडिया से बातचीत में श्री हुसैन ने कहा कि हम चाहते हैं, हिंडबनर्ग रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले की जांच जेपीसी से कराई जाए। साथ ही सेबी चीफ पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

कांग्रेस का आरोप है कि मोदी देश के लिए नहीं, बल्कि अडाणी के लिए काम कर रहे हैं। श्री हुसैन ने कहा कि 'मोदीजी नहीं, बल्कि अडाणी और अंबानी मिलकर सरकार चला रहे हैं। हमारी मांग है कि सेबी के चेयरमैन को पहले हटाना चाहिए। उनके खिलाफ जांच होनी चाहिए और एसआईटी गठित कर अडाणी के साथ मोदीजी




के रिश्ते को लेकर जेपीसी से इसकी जांच करानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेना चाहिए।

### हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर कांग्रेस का प्रदर्शन

हिंडनबर्ग मामले को लेकर कांग्रेस लगातार बीजेपी पर हमला कर रही है। इस रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस ने देशभर में प्रदर्शन भी किया है। कांग्रेस ने कई राज्यों में ईडी दफ्तर का घेराव कर अपना विरोध भी जताया है। रायपुर में भी कांग्रेस ने ईडी दफ्तर के बाहर जमकर प्रदर्शन किया था।

## खबर संक्षेप



### संत रविदास (अहिरवार) समाज की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

**डौंडीलोहारा।** संत शिरोमणि रविदास (अहिरवार) समाज जिला बालोद संत रविदास भवन दल्लीराजहरा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आदित्य कुमार खरे पिता गजेंद्र खरे निवासी भरदा लो.के नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही त्रैमासिक, अर्धवार्षिक एवं वार्षिक बैठक के लिए कार्य योजना तैयार की गई। जनवरी 2025 में वार्षिक महासभा रखने की सहमति बनी। बैठक के दौरान समाज में फैली कुरीतियों एवं सामाजिक सोच में बदलाव लाने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष कल्याण भांडेकर, उपाध्यक्ष सुरेश बरखे, सचिव लेखराज मालेकर, उपसचिव अर्जुन चौरे, मीडिया प्रभारी प्रदीप मालेकर, अंकेक्षक गोपानंद खरे सहित सभी ब्लाक अध्यक्ष तथा अन्य सदस्य शामिल हुए।

### राज्यस्तरीय स्पर्धा में मुनींद्र कुमार ने बेंच प्रेस में जीता कांस्य पदक

**बालोद।** दुर्ग में राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता फिटनेस वर्ल्ड जिम के कोच मुनींद्र कुमार साहू ने बेंच प्रेस प्रतियोगिता में 105 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए नरेंद्र कुमार साहू, जाहिर भाई, संतोष वासनिक, जितेंद्र पटेल, शार्दुल मिनपाल, खिलेस सोनकर सहित जिम बालोद के सदस्यों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### रिसाली में पेयजल की समस्या निराकरण

**भिलाई।** रिसाली निगम क्षेत्र में पेयजल सप्लाई के दौरान पाइपलाइन में लीकेज की शिकायतें सामने आई थी। इसके बाद इन पाइपलाइनों का मेंटेनेंस कराया गया। अधिकारियों का दावा है कि पानी सप्लाई को लेकर अब स्थिति सामान्य हो चुकी है। आंगनबाड़ी से लेकर सार्वजनिक और घरों तक बिछी पाइपलाइन के संधारण से बच्चों को राहत मिल रही है। रिसाली निगम क्षेत्र में पानी से संबंधित 22 आवेदन थे, जिसे प्राथमिकता से निराकरण किया। आमतौर पर यह शिकायतें अगस्त प्रथम सप्ताह में सामने आई। जन समस्या निवारण शिविर में लोगों ने आवेदन किया। आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर शिविर के प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। इसके तहत पेयजल की समस्याओं का निराकरण किया गया। रिसाली के आउटर में बसे नेवई भाठा में दो आंगनबाड़ी तक पानी पहुंचाया गया।

**पर्व:** विधायक, कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव एवं दही लूट कार्यक्रम में हुए शामिल

# कृष्ण जन्माष्टमी पर दही लूट की मची धूम प्रतियोगिता में मां महामाया टोली विजेता

**भगवान कृष्ण ने जीवन में प्रतिकूल परिस्थितियों में लड़ना और जीतना सिखायाः दीपेश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर के वार्ड नंबर 20 में कृष्ण जन्माष्टमी एवं दही लूट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्थानीय नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। दही लूट का आयोजन भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष योगेश वर्मा ने किया था।

वार्ड में पहली बार आयोजित जन्माष्टमी में लगभग 10 टोलियों ने भाग लिया। दही लूट प्रतियोगिता में मां महामाया टोली ने मटकी फोड़कर जीत हासिल की। आयोजक की तरफ से विजेता मां महामाया टोली को 8 हजार 5 सौ रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विधायक श्री साहू ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से शरीर जहां स्वस्थ रहता है, वही श्रद्धा की भी झलक दिखाई पड़ती है।

उन्होंने कहा कि प्रथम कथावाचक श्री कृष्ण हैं, जिन्होंने गीता के माध्यम से पूरे जगत को ज्ञान की बातें एवं जीवन में प्रतिकूल परिस्थितियों में लड़ना और जीतना सिखाया। श्री कृष्ण जगत के पालनहार हैं। वही उन्होंने अधर्म पर धर्म के विजय और प्रेम, भक्ति और ज्ञान का सन्देश श्री कृष्ण ने ही दिया है। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने भी अपने विचार रखे। दही लूट प्रतियोगिता में राजेंद्र शर्मा, अज्जू दाउ , दीपक मोटवानी कमल नारायण अग्रवाल गोपाल शर्मा एडवोकेट मोहित वर्मा मुन्ना अग्रवाल गौरव साहू नीतू कोठारी राजू देवांगन लक्ष्मी साहू टिकेश्वर साहू युगल देवांगन धर्मेंद्र साहू विष्णु साहू रीना देवी साहू जमीन बंछोर नंदू गुप्ता गगन वर्मा राहुल कश्यप रूपेंद्र वर्मा गजेंद्र वर्मा जयंत वर्मा अनिल यादव पप्पू सारथी विक्रम वर्मा रोहन यादव सुमित वर्मा निखिल वर्मा चेतन साहू सहित अन्य नगर एवं वार्डवासी मौजूद रहे।

## रामधुनी मंडलियों ने कृष्ण बलराम की झांकी के साथ किया नृत्य का प्रदर्शन

**नवागढ़।** नगर के श्रीकृष्ण सेवा समिति बावापारा नवागढ़ द्वारा प्रतिवर्षानुसार कृष्ण जन्माष्टमी एवं दहीलूट उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन दो दिवसीय किया गया। प्रथम दिन सोमवार को रामधुनी व मंगलवार को दहीलूट हुई। साथ में झांकी व नृत्य प्रतियोगिता भी हुई। आगंतुक रामधुनी मंडली कृष्ण बलराम की झांकी के साथ नृत्य का प्रदर्शन एवं दहीलूट करते हुए देवांगन पारा से गणेश मंदिर के रास्ते बस स्टैंड, गौरव पथ, चौक होते हुए राममंदिर पहुंची।

■ नवागढ़ में हुआ दहीलूट महोत्सव

महोत्सव में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री श्री बघेल ने कहा कि आयोजन की जितनी सराहना की जाए कम है। नवागढ़ भव्य धार्मिक आयोजनों के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा के आसपास में ऐसा दही लूट का भव्य आयोजन कहीं देखने को नही मिलता। आने वाले समय में इसे और भव्यता के साथ करने में सहयोग देने की बात कही। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष मंजूलता रात्रे, सोम ठाकुर सांसद प्रतिनिधि, आशाराम ध्रुव, नैना कुर्रे, हेमंत सोनकर, टीकम गोस्वामी, जाहिद खान, छल्ली श्रीवास, रमेश निषाद, राहुल खुराना, संपत साहू,प्रेमु साहू, गोलू सिन्हा, शिव सोनकर, भूखनपूरी गोस्वामी, सहित नगरवासी उपस्थित रहे।





### समिति को दिए 1.50 लाख

मंत्री बघेल ने समिति की मांग पर आयोजन समिति को डेढ़ लाख रुपए देने की घोषणा की। समिति की ओर से स्वागत उद्बोधन हेमकांत यादव ने दिया। कार्यक्रम का संचालन पार्षद टिकम गोस्वामी ने किया। गोस्वामी ने कहा कि विगत 5 वर्षों के बाद पुनः यह आयोजन भव्यता के साथ हुआ है।

### कवलपुर की टोली रही प्रथम

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21,000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 11,000 रुपए व तृतीय पुरस्कार 61,00 रुपए रखा गया था। जिसमें कवलपुर की रामधुनी टोली प्रथम स्थान पर रही। वही दूसरे स्थान पर पीड़ा की टोली को मिला। तृतीय स्थान पर फंदवानी के टोली रही। अन्य सभी टोलियों को सांत्वना पुस्कार 2100 रुपए दिया गया।

# किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ें : डॉ. लकपाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा में बुधवार को केवीके की स्वर्ण जयंती मशाल यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. राजेन्द्र लकपाले, निदेशक प्रक्षेत्र, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. आर. के. वर्मा, प्रमुख वैज्ञानिक, राष्ट्रीय बीज परियोजना, डॉ. संदीप भंडारकर, अधिष्ठाता, रेवेन्द्र सिह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, ढोलिया, बेमेतरा के साथ डॉ. अंगद सिंह राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, केवीके, भाठापारा शामिल हुए। इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ में स्थापित सभी केवीके में भी स्वर्ण जयंती मशाल का प्रतीकात्मक एक केवीके से दूसरे केवीके में यात्रा कर रहा है। इस मशाल यात्रा का मुख्य उद्देश्य किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के बीच एकता, प्रगति और सेवा की भावना को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. राजेन्द्र लकपाले ने क्षेत्र के कृषकों को केवीके के साथ जुड़ने और उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. लकपाले ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र ने हमेशा किसानों के हित में कार्य किया है और उन्नत तकनीकों के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि करने का प्रयास किया है। उन्होंने कृषकों को पारंपरिक खेती से हटकर नई और आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया, जिससे वे अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें और अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकें। कार्यक्रम के दौरान किसानों को कई नई कृषि तकनीकों और उनकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। मशाल यात्रा के इस आयोजन का उद्देश्य न केवल केवीके की उपलब्धियों का जश्न मनाना था, बल्कि क्षेत्र के किसानों को नई तकनीकों से परिचित कराना भी था।

डॉ. लकपाले ने यह भी बताया कि कैसे उन्नत बीज, मृदा परीक्षण, और सिंचाई के आधुनिक तरीकों का उपयोग करके किसान अपनी फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में सुधार कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि केवीके हमेशा उनकी सहायता के लिए तत्पर रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कृषि विशेषज्ञ और स्थानीय निवासी उपस्थित थे, जिन्होंने इस आयोजन की सराहना की।

**1974 में पांडिचेरी हुई थी प्रथम केवीके की स्थापनाः** कार्यक्रम की शुरूआत में केवीके, बेमेतरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, तोषण कुमार ठाकुर ने केवीके की स्वर्ण जयंती मशाल यात्रा के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि भारत में सर्वप्रथम केवीके की स्थापना पांडिचेरी में वर्ष 1974 में आई.सी.ए.आर. नई दिल्ली द्वारा पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में की गई थी। इससे देश में कृषि के क्षेत्र में काफी प्रगति एवं उपलब्धियां प्राप्त हुई।

इस प्रकार वर्ष 2024 में भारत में केवीके की शुरूआत का 50 वर्ष पूर्ण हो चुका है इस उपलक्ष्य में पूरे भारत के 731 केवीके में केवीके की स्वर्ण जयंती मशाल यात्रा आयोजन किया जा रहा है।

### केवीके भाठापारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक को सौंपी गई मशाल

डॉ. संदीप भंडारकर ने देश में जो कृषि, विशेषकर खाद्यान्न के क्षेत्र में जो उपलब्धियां हासिल हुई है उसके बारे में कृषकों को संक्षेप में जानकारी दी। केवीके की स्वर्ण जयंती मशाल यात्रा का अगला पड़ाव केवीके, भाठापारा है। इसी तारतम्य में कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं कृषकों के समक्ष केवीके की स्वर्ण जयंती मशाल का प्रतीक चिन्ह को केवीके बेमेतरा के प्रमुख के द्वारा केवीके भाठापारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिह राजपूत को सुपुर्द किया गया। तदोपरांत निदेशक प्रक्षेत्र ने केवीके बेमेतरा की प्रक्षेत्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर केवीके बेमेतरा के डॉ. जितेन्द्र कुमार जोशी, डॉ. तृप्ति ठाकुर, एवं शिव कुमार सिन्हा के साथ जिले के 40 से अधिक कृषकों की उपस्थिति रही।

### सचिव संघ ने विधायक को बताई अपनी मांगें

**साजा।** जनपद पंचायत के सचिव संघ ने आज अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विधायक ईश्वर साहू से उनके निवास पर मुलाकात की। इसी दौरान करने वालों में सचिव अध्यक्ष नीलकमल साहू, टीकम वर्मा, कुंवर सिंह, अर्जुन सिन्हा, योगेश, छनु राजपूत प्रजापति श्रीमती दुर्गा सहित अनेक सचिव शामिल रहे।



# कन्या शाला बेरला की 100 छात्राओं को मिली साइकिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बुधवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला में छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल वितरण किया गया।

इसमें बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजन में 9वीं कक्षा की 100 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार में विकास की गंगा बहा रही है। लगातार क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है। साइकिल मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्राओं को आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। यही छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी। नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित भी होंगे। इस दौरान छात्राओं ने साइकिल की घंटी बजाकर अपनी खुशी जाहिर की। इस दौरान पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल, जनपद अध्यक्ष प्रीतम चंदेल, बलराम पटेल, पुष्पा टांकेश, तुकेशवरी साहू, राघव सिन्हा, उत्तम गायकवाड ,योगेश चौहान ,आशीष सोनी ,कन्हैया सेन ,प्रहलाद वर्मा ,आनंद यादव ,नितेश सोनी ,पुरुषोत्तम यादव, डॉ चुरावन साहू, तरुण साहू ,डीके वर्मा शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में हो पौधारोपण की अनिवार्यता

**बेमेतरा।** राज्य में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय चुनावों की तैयारी में चुनाव आयोग लग गया है। गांव- गांव, शहर- शहर और वार्ड-वार्ड कार्यकर्ता अपनी संभावनाओं को टटोलते हुए जनसम्पर्क में लग गए हैं। इसी बीच अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ. सौरभ निर्वाणी ने राज्य चुनाव आयोग को पत्र लिख कर मांग की है कि राज्य में होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों की शैक्षणिक अर्हता की कोई अनिवार्यता तो नहीं होती। राज्य चुनाव आयुक्त काम से कम श्रेणीवार पंचों को पांच,सरपंचों को दस, जनपद सदस्यों और पार्षदों को पंद्रह,नगर पालिका अध्यक्षो और जनपद अध्यक्षों को 25,महापौर और जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने के अभ्यर्थियों को 50 पौधारोपण का अनिवार्यता न्यूनतम अहर्ता के तौर पर निर्धारित करे। डॉ निर्वाणी ने कहा कि प्रदेश को हरित प्रदेश बनाने यह एक क्रांतिकारी कदम होगा। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रितेश शर्मा,युवा इकाई के जिला अध्यक्ष वांकेश्वर साहू,जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी,जनपद सभपति लाला भारती, सरपंच संजय जोशी,सरपंच केशव साहू,पार्षद नीतू कोठारी, नीलू राजपूत पूर्व जनपद अध्यक्ष कुमारी बाई जयसवाल,जनार्दन जायसवाल,पूर्व जनपद अध्यक्ष रेवती हीरेन्द्र साहू सहित जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण अनिवार्यता अहर्ता के तौर पर मांग का समर्थन किया है।

# शिक्षा हमें एक आदर्श इंसान बनाती है : शर्मा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के त्वरित क्रियान्वयन के लिए जिले के कुशल प्रशिक्षकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम बुधवार को नगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण कक्षा का संचालन सीखने सिखाने की नवाचारी गतिविधियों पर हो रहा है।

प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत यह प्रशिक्षक अपने विकासखंड में, संकुल में, जोन में प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करेंगे। यह प्रशिक्षण दो दिवस का है।प्रशिक्षण के प्रथम दिवस के शुभारंभ के अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग और जिले के जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे विशेष रूप उपस्थित रहे। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी प्रतिभागी प्रशिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि साक्षरता शिक्षा की प्रथम पग है। उन्होंने स्वयं सेवी शिक्षकों, प्रशिक्षकों और मास्टर ट्रेनरों से इसे प्राथमिकता के तौर पर लेते हुए तन और मन से जुड़कर उत्साहपूर्वक कार्य करें। इससे पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर रणवीर शर्मा ने मां शारदे की प्रतिमा में फूल माला अर्पण कर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की। नवागढ़ की प्रतिभागी शिक्षिका अर्चना ढोबले ने मां सरस्वती की सुंदर वंदना प्रस्तुत की। डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने इस अवसर पर कहा कि इस कार्यक्रम को हम सब मिलजुल कर और पूरे उत्साह से करेंगे और 100% सफल बनाएंगे। कार्यक्रम का संचालन उल्लास नवभारत साक्षरता के सहायक परियोजना अधिकारी और व्याख्याता सुनील झा ने किया। इसके पश्चात साक्षरता कार्यक्रम की एक रैली भी निकाली गई। जिसमें स्कूली बच्चे और डाइट बेमेतरा के छात्र अध्यापक सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए। इस रैली को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




